# खण्ड कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद

आशियाना फेस –1, निकट पानी की टंकी, मुरादाबाद–244001

(0591) 3511043 ee11_upjn_mbd@yahoo.co.in


पत्रांक 1020/ ई०समा०पत्र /16 दिनांक 05/05/2026

सेवा में

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषय – **ई–समाचार पत्र अमर उजाला में दिनांक 05.05.2026 को प्रकाशित खबर शीर्षक ''नहीं मिली पानी की सुविधा, पाइप लाइन की खोदाई ने बढ़ा दी रास्तों की दुविधा'' के सम्बन्ध मे**

महोदय,

उपरोक्त विषयक ई–समाचार पत्र अमर उजाला में दिनांक 05.05.2026 को प्रकाशित खबर शीर्षक ''नहीं मिली पानी की सुविधा, पाइप लाइन की खोदाई ने बढ़ा दी रास्तों की दुविधा'' की अनुपालन आख्या निम्नानुसार है।

| क्र0स0 | प्रकाशित खबर | अनुपालन आख्या |
|---|---|---|
| 1 | जल जीवन मिशन के अधूरे काम ग्रामीणों को दे रहे दोहरी चोट<br>मुरादाबाद। ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन के काम मुकाम नहीं पा सके हैं। ज्यादातर गांवों में काम अधूरे पड़े हैं। ग्रामीणों का दर्द यह है कि अधूरे कामों के कारण साफ पानी मिला नहीं। ऊपर से पाइप लाइन की खोदाई के बाद कई जगह रास्ते दुरुस्त न कराने से लोग दोहरा संकट झेल रहे हैं। हाल ही में मुख्यमंत्री के जल जीवन मिशन के अधूरे काम और बदहाल रास्तों पर सख्त निर्देश देने से ग्रामीणों के बीच तस्वीर बदलने की उम्मीद जगी है लेकिन सवाल यह भी है कि काम में चुस्ती और सुधार की प्रक्रिया कब तक पूरी होगी। | जल जीवन मिशन भारत सरकार की एक अत्यन्त महत्वपूर्ण योजना है, योजना का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के समस्त घरों को ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं से क्रियाशील गृह संयोजन (एफ0एच0टी0सी0) द्वारा क्लोरीनयुक्त शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाना है, इस कार्य हेतु अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ के द्वारा जल जीवन मिशन (फेस–2 एवं 3) के अन्तर्गत जनपद मुरादाबाद के ग्रामीण क्षेत्रों में भूजल आधारित पाइप पेयजल योजनाओ के निर्माण एवं 10 वर्षो तक संचालन एवं रख–रखाव हेतु मै0 एल0सी0 इन्फ्रा को अनुबन्ध सं0 68/ई0डी0/20 20–21 के अन्तर्गत एवं मै0 एन0के0जी0 प्राइमस (जे0वी0), नई दिल्ली को अनुबन्ध सं0 11/ई0डी0/फेस–3/ 2021–22 के अन्तर्गत सूचीबद्ध किया गया है। जल जीवन मिशन फेस–2 एवं फेस–3 के अन्तर्गत स्वीकृत 603 नग ग्रामीण पेयजल योजनाओं में प्रस्तावित कार्यो के सापेक्ष 589 नग नलकूप बोरिंग कार्य पूर्ण, 4154 कि0मी0 वितरण प्रणाली के कार्य पूर्ण, 398 नग पम्प हाउस के कार्य पूर्ण, 170 नग उच्च जलाशय के कार्य पूर्ण, 227/53 नग सोलर सिस्टम अधिष्ठापन/विद्युत संयोजन के कार्य पूर्ण एवं 341915 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य पूर्ण किये जा चुके है। ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं में वितरण प्रणाली बिछाने हेतु डिस्मेंटल की गयी सड़कों के सापेक्ष 80 प्रतिशत सड़कों को पूर्व की भांति पुर्नस्थापित एवं शेष सड़कों को मोटरेबल करा दिया गया है।<br>वर्तमान में 251 नग राजस्व ग्रामों में उच्च जलाशय/डायरेक्ट पम्पिंग के माध्यम से निरन्तर शुद्ध पेयजल आपूर्ति की जा रही है। शेष ग्रामों में पेयजल योजनाओं के कार्य धनाभाव के कारण अत्यन्त धीमी गति से कराये जा रहे है, यू0पी0 सरकार और केंद्र सरकार के बीच एक एम0ओ0यू0 पर हस्ताक्षर किए गए हैं। धनावंटन उपरान्त फर्मो द्वारा योजनाओं के समस्त कार्यो को त्वरित गति से पूर्ण कराते हुये पेयजल आपूर्ति सुचारू करा दी जायेगी।<br>उक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है कि जेजेएम फेस–3 के अन्तर्गत कार्यरत फर्म मै0 एन0के0जी0 प्राइसम द्वारा कराये जा रहे कार्यो की प्रगति नगण्य है, जिस हेतु इस खण्ड के पत्रांक 1565/एन0के0जी0/93 दिनांक 04.10.2024 तथा जिलाधिकारी महोदय के पत्रांक 1845/एन0के0जी0/89 दिनांक 22.08.2025 एवं पत्रांक 1846 /एन0के0जी0/90 दिनांक 22.08.2025 द्वारा फर्म को चेतावनी/नोटिस दिये गये है। जिलाधिकारी महोदय मुरादाबाद द्वारा अपने पत्रांक 1714 /एन0के0जी0/93 दिनांक 24.10.2024, पत्रांक 2009/ एन0के0जी0/198 दिनांक 16.12.2024 एवं **पत्रांक 2949/ जेजेएम/163 दिनांक 24.12.2025** द्वारा फर्म के विरूद्ध अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ से अनुरोध किया गया है। |
| 2 | **पानी मिला नहीं, कई सड़कें छोड़ दीं बदहाल**<br>ठाकुरद्वारा। गांव **करनावाला खालसा** में जल जीवन मिशन के कामों की दो साल की कवायद के बाद भी घरों में पानी की आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी।<br>ग्रामीणों ने बताया कि पिलर के ऊपर स्टील का टैंक रखकर ओवरहेड टैंक की प्रक्रिया पूरी कर दी। घरों में कनेक्शन भी दे दिए। बोरिंग कर नलकूप व सोलर पैनल का काम भी कर दिया लेकिन फिर भी पानी नहीं मिला। ग्रामीणों का कहना है कि पाइप के लिए खोदी कुछ सड़कों की मरम्मत अब तक नहीं हुई है। गांव की दयावती ने बताया कि करीब छह महीने पहले कुछ कर्मचारी और अधिकारी आए थे लेकिन टैंक देखकर चले गए। इसके बाद भी पानी की आपूर्ति शुरू नहीं हुई और न ही क्षतिग्रस्त सड़कों को ठीक कराया गया। इसी गांव में रहने वाले चंद्रपाल सिंह का कहना है कि उनके घर में पानी का कनेक्शन हो गया है लेकिन पानी नहीं आ रहा है। ग्राम प्रधान सूरज सिंह ने बताया कि कई बार संबंधित अधिकारियों से अपनी ग्राम पंचायत के तीनों गांवों में पानी की आपूर्ति चालू कराने की मांग कर चुके हैं। अभी तक कोई ध्यान नहीं दिया गया | प्रकाशित खबर में उल्लेखित ग्राम करनवाला खालसा की यथास्थिति निम्नानुसार है।<br>**करनवाला खालसा** ग्रामीण पाइप पेयजल योजना जल जीवन मिशन फेस–2 के अन्तर्गत चयनित है तथा योजना के कार्य राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा आंवटित फर्म मै0 एल0सी0 इन्फ्रा द्वारा कराये जा रहे है। योजनान्तर्गत पम्प हाउस व बाउण्ड्री वॉल के कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण, उच्च जलाशय के कार्य लगभग 95 प्रतिशत पूर्ण। वितरण प्रणाली बिछाने हेतु डिस्मेंटल की गयी सडको को पुर्नस्थापित करा दिया गया है। उच्च जलाशय से राईजिंग मेन के कार्य प्रगति पर है। फर्म द्वारा शीघ्र कार्य पूर्ण कर पेयजल आपूर्ति सुचारू करा दी जायेगी। |
| 3 | **ओवरहेड टैंक बने तो घरों तक साफ पानी पहुंचे**<br>बिलारी। ग्राम पंचायत **नगलिया शाहपुर** गांव में जल जीवन मिशन के तहत प्रस्तावित ओवरहेड टैंक का निर्माण डेढ साल बाद भी नहीं हो पाया | प्रकाशित खबर में उल्लेखित ग्राम नगलिया शाहपुर की यथास्थिति निम्नानुसार है।<br>ग्राम नगलिया शाहपुर जल जीवन मिशन फेस–3 के अन्तर्गत |

| | | |
|---|---|---|
| | है। काम के नाम पर टैंक के लिए चयनित भूमि पर गड्ढा खोदकर आगे का काम भुला दिया गया।<br>इस ग्राम पंचायत में नगलिया और लक्ष्मपुर दो गांव आते हैं। दोनों गांवों के लिए ग्राम समाज की भूमि पर ओवरहेड टैंक के लिए बोरिंग कराया गया। बोरिंग के साथ नलकूप की कोठरी और ओवरहेड टैंक नहीं बनाए गए। नलकूप संचालन के लिए सोलर प्लांट लगा तो बैटरियां नहीं लगाईं। टैंक के लिए डेढ़ साल पहले जेसीबी से काफी चौड़ा और गहरा गड्ढा खोदा था और फिर काम रोक दिया गया। अब इससे खतरे का संकट बढ़ा रहा है। नगलिया शाहपुर निवासी मनोज कुमार और वीर सिंह ने कहा कि टैंक न बनने से साफ पानी अभी सपना ही है। कुछ ग्रामीणों ने कहा कि बिलारी से बीडीओ दो बार मौके का निरीक्षण कर गए लेकिन फिर भी टैंक का काम शुरू नहीं हुआ। | चयनित है तथा योजना के कार्य राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा आंवटित फर्म मै0 एन0के0जी0 प्राइमस द्वारा कराये जा रहे है। योजनान्तर्गत पम्प हाउस के कार्य 20 प्रतिशत, बाउण्ड्री वॉल के कार्य 20 प्रतिशत व वितरण प्रणाली बिछाने कार्य लगभग 30 प्रतिशत पूर्ण है। वर्तमान में धनाभाव के कारण योजना के कार्य बाधित है, यू0पी0 सरकार और केंद्र सरकार के बीच एक एम0ओ0यू0 पर हस्ताक्षर किए गए हैं। धनावंटन उपरान्त फर्म द्वारा योजना के शेष कार्य पूर्ण करा दिये जायेंगे। |
| 4 | **पानी मिला नहीं, बदहाल रास्ते बढ़ा रहे हादसे**<br>कांठ। विकास खंड छजलैट के शाहपुर मुबारकपुर (कुचावली), गांव मुजफ्फरपुर टांडा, गांव रुस्तमपुर में भी जल जीवन मिशन का काम पूरा नहीं हुआ है। इन गांवों के लोग घरों में साफ पानी की आपूर्ति के लिए इंतजार कर रहे हैं तो पाइप लाइन के लिए खोदे रास्ते दुरुस्त न कराने से हादसे बढ़ रहे हैं।<br>गांव रुस्तमपुर के लोगों ने सीधी शिकायत रखी। कहा कि जल जीवन मिशन से जल मिला नहीं और रास्ते भी बर्बाद हो गए। पाइप लाइन की खोदाई के बाद मरम्मत नहीं कराई। गांव में रहने वाले मुन्नू सिंह और बलवीर सिंह ने बताया कि बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे बदहाल रास्तों पर ठोकर खाकर गिरते हैं। वहीं, पास के गांव शेरपुर में भी खोदे गए रास्तों की मरम्मत नहीं होने से ग्रामीण परेशान हैं। ग्राम पंचायत शाहपुर मुबारकपुर के ग्राम प्रधान शशिबाला के पति एवं भाकियू नेता चौधरी ऋषिपाल सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत के तीनों गांवों में तीन साल पहले मिशन का कार्य शुरू हुआ था। पाइप लाइन बिछाने के साथ नलकूप और सौर ऊर्जा सिस्टम का काम हो गया। कुछ घरों में टोंटी के लिए पाइप भी लगाए लेकिन पानी आज तक नहीं पहुंचा। यहां अब तक ओवरहेड टैंक नहीं बनाया गया है। गांव के राजेंद्र सिंह ने बताया कि एक बार नलकूप से सीधे पानी छोड़ा गया तो कई जगह पाइप में लीकेज होने लगी। छह महीने से काम बंद पड़ा है। विक्की चौधरी, अमर सिंह, विदेशी लाल ने तमाम कार्य अधूरा छोड़ने पर नाराजगी जताने के साथ खोदाई के बाद से बदहाल रास्ते ठीक कराने की मांग की है।<br>गांव मुजफ्फरपुर टांडा में भी तीन साल से काम बंद है। ओवरहेड टैंक नहीं बनाया गया। ग्राम प्रधान ममता चौहान के पति संजय सिसौदिया ने बताया कि इस ग्राम पंचायत में मुजफ्फरपुर टांडा, मिलक और गांवडी आते हैं। इनमें से मुजफ्फरपुर टांडा में भूमिगत पाइप लाइन का 70 प्रतिशत कार्य ही हुआ है। खोदे गए रास्तों ऐसे ही छोड़ देने से मरम्मत भी खुद करानी पड़ी। गांव के पप्पू, सुरेश, करन सिंह, जयप्रकाश ने कहा कि घरों में पानी की सप्लाई आज तक नहीं हुई। | प्रकाशित खबर में उल्लेखित ग्रामों की यथास्थिति निम्नानुसार है।<br>**शाहपुर मुबारकपुर (कुचावली)** जल जीवन मिशन फेस–3 के अन्तर्गत चयनित है तथा योजना के कार्य राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा आंवटित फर्म मै0 एन0के0जी0 प्राइमस द्वारा कराये जा रहे है। योजनान्तर्गत वितरण प्रणाली बिछाने के कार्य 70 प्रतिशत, उच्च जलाशय के कार्य 40 प्रतिशत पूर्ण है। वर्तमान में धनाभाव के कारण योजना के कार्य बाधित है, यू0पी0 सरकार और केंद्र सरकार के बीच एक एम0ओ0यू0 पर हस्ताक्षर किए गए हैं। धनावंटन उपरान्त फर्म द्वारा योजना के शेष कार्य पूर्ण करा दिये जायेंगे।<br>**मुजफ्फरपुर टाण्डा** जल जीवन मिशन फेस–3 के अन्तर्गत चयनित है तथा योजना के कार्य राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा आंवटित फर्म मै0 एन0के0जी0 प्राइमस द्वारा कराये जा रहे है। योजनान्तर्गत वितरण प्रणाली बिछाने के कार्य 25 प्रतिशत पूर्ण है। वर्तमान में धनाभाव के कारण योजना के कार्य बाधित है, यू0पी0 सरकार और केंद्र सरकार के बीच एक एम0ओ0यू0 पर हस्ताक्षर किए गए हैं। धनावंटन उपरान्त फर्म द्वारा योजना के शेष कार्य पूर्ण करा दिये जायेंगे।<br>**रूस्तमपुर** जल जीवन मिशन फेस–3 के अन्तर्गत चयनित है तथा योजना के कार्य राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा आंवटित फर्म मै0 एन0के0जी0 प्राइमस द्वारा कराये जा रहे है। योजनान्तर्गत वितरण प्रणाली बिछाने के कार्य 40 प्रतिशत पूर्ण है। वर्तमान में धनाभाव के कारण योजना के कार्य बाधित है, यू0पी0 सरकार और केंद्र सरकार के बीच एक एम0ओ0यू0 पर हस्ताक्षर किए गए हैं। धनावंटन उपरान्त फर्म द्वारा योजना के शेष कार्य पूर्ण करा दिये जायेंगे। |

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार :–

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता महोदय (मुरा0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3. जिलाधिकारी, मुरादाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
4. मुख्य विकास अधिकारी महोदया, मुरादाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
5. जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी, मुरादाबाद को सूचनार्थ प्रेषित।
6. समस्त सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि अग्रिम आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।
7. प्रोजेक्ट हेड/निदेशक, एल0सी0 इन्फ्रा0 प्रोजेक्ट प्रा0लि0, मकान नं0–10/66 सेक्टर–10 फेस–2 एम0जी0आर0 रेस्टोरेंट के पास आवास विकास, बुद्धी विहार मुरादाबाद को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि अग्रिम आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।
8. प्रोजेक्ट मेनेजर, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, मकान नं0 7बी/63 बुद्धि विहार फेस–2 सेंट मैरी स्कूल के पास, दिल्ली रोड, मुरादाबाद को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि अग्रिम आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता

E -Paper Amarujala (Moradabad Edition)05-05-26

# पाइप लाइन की खोदाई ने बढ़ा दी रास्तों की दुविधा

मुरादाबाद। ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन के काम मुकाम नहीं पा सके हैं। ज्यादातर गांवों में काम अधूरे पड़े हैं। ग्रामीणों का दर्द यह है कि अधूरे कामों के कारण साफ पानी मिला नहीं। ऊपर से पाइप लाइन की खोदाई के बाद कई जगह रास्ते दुरुस्त न कराने से लोग दोहरा संकट झेल रहे हैं। हाल ही में मुख्यमंत्री के जल जीवन मिशन के अधूरे काम और बदहाल रास्तों पर सख्त निर्देश देने से ग्रामीणों के बीच तस्वीर बदलने की उम्मीद जगी है लेकिन सवाल यह भी है कि काम में चुस्ती और सुधार की प्रक्रिया कब तक पूरी होगी। संवाद

## पानी मिला नहीं, कई सड़कें छोड़ दीं बदहाल

ठाकुरद्वारा। गांव करनावाला खालसा में जल जीवन मिशन के कामों की दो साल की कवायद के बाद भी घरों में पानी की आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी। ग्रामीणों ने बताया कि पिलर के ऊपर स्टील का टैंक रखकर ओवरहेड टैंक की प्रक्रिया पूरी कर दी। घरों में कनेक्शन भी दे दिए। बोरिंग कर नलकूप व सोलर पैनल का काम भी कर दिया लेकिन फिर भी पानी नहीं मिला। ग्रामीणों का कहना है कि पाइप के लिए खोदी कुछ सड़कों की मरम्मत अब तक नहीं हुई है। गांव की पंचायत ने बताया कि करीब छह महीने पहले कुछ कर्मचारी और अधिकारी आए लेकिन टैंक देखकर चले गए। इसके बाद भी पानी की आपूर्ति शुरू नहीं हुई और न ही क्षतिग्रस्त सड़कों को ठीक कराया गया। इसी गांव में रहने वाले ... सिंह का कहना है कि उनके घर पानी का कनेक्शन हो गया है लेकिन पानी नहीं आ रहा है। ग्राम प्रधान सूरज सिंह ने बताया कि कई बार संबंधित अधिकारियों से अपनी ग्राम पंचायत के गांवों में पानी की आपूर्ति चालू कराने की मांग कर चुके हैं। अभी तक कोई ध्यान नहीं दिया गया। संवाद



ठाकुरद्वारा के करनावाला खालसा में दो वर्ष से बना खड़ा टैंक। संवाद

मुद्दा



कांठ के रुस्तमपुर में पाइप लाइन डालने के बाद उबड़-खाबड़ पड़ा रास्ता। संवाद

## ओवरहेड टैंक बने तो घरों तक साफ पानी पहुंचे

बिलारी। ग्राम पंचायत नगलिया शाहपुर गांव में जल जीवन मिशन के तहत प्रस्तावित ओवरहेड टैंक का निर्माण डेढ़ साल बाद भी नहीं हो पाया है। काम के नाम पर टैंक के लिए चयनित भूमि पर गड्ढा खोदकर आगे का काम भुला दिया गया। इस ग्राम पंचायत में नगलिया और रुस्तमपुर दो गांव आते हैं। दोनों गांवों के लिए ग्राम समाज की भूमि पर ओवरहेड टैंक के लिए बोरिंग कराया गया। बोरिंग के साथ नलकूप की कोठरी और ओवरहेड टैंक नहीं बनाए गए। नलकूप संचालन के लिए सोलर प्लांट लगा तो बैटरियां नहीं लगाईं। टैंक के लिए डेढ़ साल पहले जेसीबी से काफी चौड़ा और गहरा गड्ढा खोदा था और फिर काम रोक दिया गया। अब इससे खतरे का संकट बढ़ा रहा है। नगलिया शाहपुर निवासी मनोज कुमार और वीर सिंह ने कहा कि टैंक न बनने से साफ पानी अभी सपना ही है। कुछ ग्रामीणों ने कहा कि बिलारी से बीडीओ दो बार मौके का निरीक्षण कर गए लेकिन फिर भी टैंक का काम शुरू नहीं हुआ। संवाद

## पानी मिला नहीं, बदहाल रास्ते बढ़ा रहे हादसे

*कांठ। विकास खंड छजलैट के शाहपुर मुबारकपुर (कुचावली), गांव मुजफ्फरपुर टांडा, गांव रुस्तमपुर में भी जल जीवन मिशन का काम पूरा नहीं हुआ है। इन गांवों के लोग घरों में साफ पानी की आपूर्ति के लिए इंतजार कर रहे हैं तो पाइप लाइन के लिए खोदे रास्ते दुरुस्त न कराने से हादसे बढ़ रहे हैं। गांव रुस्तमपुर के लोगों ने सीधी शिकायत रखी।*

*■ कहा कि जल जीवन मिशन से जल मिला नहीं और रास्ते भी बर्बाद हो गए। पाइप लाइन की खोदाई के बाद मरम्मत नहीं कराई। गांव में रहने वाले मुन्नू सिंह और बलवीर सिंह ने बताया कि बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे बदहाल रास्तों पर ठोकर खाकर गिरते हैं। वहीं, पास के गांव शेरपुर में भी खोदे गए रास्तों की मरम्मत नहीं होने से ग्रामीण परेशान हैं। ग्राम पंचायत शाहपुर मुबारकपुर के ग्राम प्रधान शशिकांता के पति एवं भाकियू नेता चौधरी अजयपाल सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत के तीनों गांवों में तीन साल पहले मिशन का कार्य शुरू हुआ था। पाइप लाइन बिछाने के साथ नलकूप और सौर ऊर्जा सिस्टम का काम हो गया। कुछ घरों में टोंटी के लिए पाइप भी लगाए लेकिन पानी आज तक नहीं पहुंचा। यहां अब तक ओवरहेड टैंक नहीं बनाया गया है। गांव के राजेंद्र सिंह ने बताया कि एक बार नलकूप से सीधे पानी छोड़ा गया तो कई जगह पाइप में लीकेज होने लगी। छह महीने से काम बंद पड़ा है। विक्की चौधरी, अमर सिंह, विदेशी लाल ने तमाम कार्य अधूरा छोड़ने पर नाराजगी जताने के साथ खोदाई के बाद से बदहाल रास्ते ठीक कराने की मांग की है। गांव मुजफ्फरपुर टांडा में भी तीन साल से काम बंद है। ओवरहेड टैंक नहीं बनाया गया। ग्राम प्रधान ममता चौहान के पति संजय सिसौदिया ने बताया कि इस ग्राम पंचायत में मुजफ्फरपुर टांडा, मिलक और गांवड़ी आते हैं। इनमें से मुजफ्फरपुर टांडा में भूमिगत पाइप लाइन का 70 प्रतिशत कार्य ही हुआ है। खोदे गए रास्तों ऐसे ही छोड़ देने से मरम्मत भी खुद करानी पड़ी। गांव के पप्पू, सुरेश, करन सिंह, जयप्रकाश ने कहा कि घरों में पानी की सप्लाई आज तक नहीं हुई। संवाद*